सार-समाचार

मॉक ड्रिल की जानकारी दी

सादुलपुर, (निसं)। पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को जिला कलेक्टर चूरू के निर्देशानुसार छात्राओं को मॉक ड्रिल अभ्यास की जानकारी दी गई। दोपहर एक बजे दी जानकारी के अनुसार प्राचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने कहा कि हमारे लिए राष्ट्र सेवा सर्वोपरि है। उन्होंने छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को मॉक ड्रिल अभ्यास की जानकारी देते हुए कहा कि मॉक ड्रिल सायरन बजने पर अपने घरों एवं क्षेत्र की लाइट बंद रखनी है। का सायरन सुनाई देने तक घर से बाहर नहीं निकलें। भीड इकट्ठी न करें तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग न करें। सोशल मिडिया पर अफवाहें न फैलायें। आपात स्थिति से निपटने के लिए इस ड्रिल के दौरान अपने पहचान पत्र, टॉर्च, भोजन, पानी एवं फर्स्ट एड बॉक्स अपने साथ रखें। उन्होंने छात्राओं, अभिभावकों एवं स्टाफ सदस्यों से स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों की पालना की अपील की। आपदा प्रबंधन प्रभारी शमशेर खान एवं मुकेश ने सायरन बजाकर मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया।

सीएलजी की बैठक आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। सिद्धमुख थाना परिसर में बुधवार को सीएलजी, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक दल की मीटिंग का आयोजन किया गया। दोपहर तीन बजे दी जानकारी के अनुसार मीटिंग की अध्यक्षता थाना प्रभारी रामनारायण मीणा सउनि ने की। जिसमें सरकार द्वारा ब्लैक आउट व मॉक ड्रिल के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। और सभी सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक दलों के सदस्यों को अपने-अपने गांव में ब्लैक आउट व मॉक ड्रिल के बारे में समझाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति व संदिग्ध वस्तु के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना करें। मीटिंग में सरपंच मसुदीराम, मोतीराम, योगेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, पवन कुमार, लालचन्द, रोहताश लेंघा, बाबूलाल, राकेश, गुलाब सिंह, दयाराम, कुलदीप सिंह, सुरेन्द्र, पुरूषोतम शर्मा, राजेश, जयप्रकाश, भीमसिंह चुबकिया, मानसिंह, तरूण शर्मा, किरोडीमल सहित अनेक सीएलजी, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक दाल के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रतिभागियों को सम्मानित किया

चूरू (निसं)। पंडित दीनदयाल मेडिकल कॉलेज में तीन दिवसीय बीसीएमई प्रशिक्षण का समापन बुधवार को समारोह पूर्वक हुआ। प्राचार्य डॉ. एम.एम. पुकार ने बताया कि प्रथम बार हुए प्रशिक्षण में 30 प्रतिभागी चिकित्सक शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में चिकित्सकों को चिकित्सा शिक्षा के नवाचार के संबंध में अनेक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रमाकांत शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में चिकित्सक शिक्षकों को आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए छात्रों को परिपूर्ण चिकित्सक बनने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी, डॉ. हनुमान जयपाल, डॉ. राजेश कुमार सिंह, डॉ. आरपी आचार्य, डॉ. मीनाक्षी जयपाल, डॉ. राजेश कुमार शर्मा, डॉ. विकास देवड़ा व डॉ. अभिमन्यु तिवाड़ी ने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण एनएमसी के पर्यवेक्षक डॉ. बुसरा फिजा द्वारा दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रतिभागी व प्रशिक्षक उपस्थित थे।

चार कैडेटों का ट्रेकिंग कैंप के लिये चयन

डूंडलोद, (निसं)। तीन राज बटालियन एनसीसी सीकर में आयोजित कैंप में कर्नल जेएस लांबा, एडमिरल कर्नल साजी पी. तथा सूबेदार मेजर रामावतार सिंह के निर्देशन में इंटरव्यू के आधार पर डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद के कैडेटों माही सैनी, चंचल, अभिषेक शर्मा तथा उत्तम धामा का टैंकिंग कैंप के लिए चयन हुआ है। इस अवसर पर प्राचार्य धनंजय लाल ने कहा कि यह बड़े ही हर्ष की बात है कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ट्रेकिंग कैंप के लिए चार कैडेटों का चयन हुआ है। यह इन कैडेटों के अनुशासनात्मक जीवन और परिश्रम का ही परिणाम है। विद्यालय सचिव बीएल रणवां ने चारों कैडेटों को बधाई देते हुए बताया कि चारों कैडेट पांच से 14 जून 2025 तक हिमालच प्रदेश के धर्मशाला में आयोजित ट्रेकिंग कैंप में भाग लेंगे। हम आशा करते है कि ये कैडेट पूर्णतया अनुशासित रहकर एनसीसी की बारीकियों को सीखकर भविष्य में देश सेवा मे तत्पर होंगे। इस अवसर पर विद्यालय समिति के सदस्य राहुल रणवां, प्रभारी रेखा स्वामी, सुमनलता, मनजीत कौर, राहुल मिश्रा एवं समस्त डीपीएस परिवार उपस्थित था।

नेत्र एव जांच शिविर आयोजित

सीकर (निसं)। नगर परिषद के प्रथम सभापति एवं स्वतंत्रता सेनानी एडवोकेट पंडित मन्मथ कुमार मिश्र की 23 वी पुण्यतिथि पर निशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ पंडित मन्मथ कुमार योगेंद्र मिश्र स्मृति संस्थान के हरीश मिश्रा ने बताया कि आयोजित नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर में मनसा हॉस्पिटल के निदेशक तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नरेंद्र चौहान द्वारा 140 व्यक्तियों की नि:शुल्क जांच की गई ऑपरेशन योग्य मरीजों को चयनित किया गया शिविर में चयनित नेत्र रोगियो के ऑपरेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नरेंद्र चौहान द्वारा जयपुर बीकानेर बाईपास स्थित मनसा हॉस्पिटल में किए जाएंगे स्वतंत्रता सेनानी तथा नगर परिषद के प्रथम सभापति स्वर्गीय पंडित मन्मथ कुमार मिश्र की प्रत्येक पुण्यतिथि पर पीड़ितों की सेवार्थ यह शिविर लगाया जाता है

वीरवर झुंझारसिंह सर्किल का लोकार्पण कल

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं के संस्थापक वीरयोद्धा झूंझा के नाम पर हाल ही में प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा नामकरण की गई वीरवर झुंझार सिंह सर्किल का लोकार्पण एवं नागरिक अभिनंदन समारोह नौ मई शुक्रवार को सुबह 9:15 बजे किया जाएगा। वीरवर झुंझार सिंह संस्थान के सचिव सुरेश जाखड़ ने बताया कि यह पूरे जिले के लिए गर्व और हर्ष की बात है कि जवानों, किसानों एवं भामाशाहों के जिले झुंझुनू के संस्थापक वीरयोद्धा झूंझा के नाम से जिला परिषद के सामने स्थित सर्किल का नामकरण हुआ है। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र भांबू के कर कमलों से इसका लोकार्पण किया जाएगा तथा उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। महेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम झुंझार सिंह सर्किल के सामने ही स्थित अमर शहीद करनीराम रामदेव पार्क के पास रिजर्व सड़क स्थल पर होगा। उन्होंने आमजन एवं जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया।

डीवीपी में मॉक ड्रिल अभ्यास

डूंडलोद, (निसं)। डूंडलोद विद्यापीठ में बुधवार प्रात: नागरिक सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। एनसीसी प्रभारी सुरेन्द्र सिंह बीका ने एनसीसी कैडेट्स, छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों को मॉक ड्रिल के बारे में बताते हुए आपात स्थिति से निपटने के लिए एवं प्रशासन का सहयोग करने, आपात चिकित्सा, बचाव के लिए सुरक्षित स्थान पर आश्रय लेने का अभ्यास करवाया। कैडेट्स को ब्लैक आउट में लाईट बंद करने, सायरन सुनते ही सुरक्षित स्थानों पर पहुचंने का भी अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सत्येंद्र कुमार शर्मा, पीटीआई विकास भार्गव, दीपमाला एवं शालू शर्मा मौजूद रहे।

अनुकम्पा नियुक्त कनिष्ठ लिपिकों की टंकण परीक्षा 14 मई को होगी

सीकर (निसं)। अनुकम्पा नियुक्त कनिष्ठ लिपिकों की सितम्बर माह में आयोजित होने वाली टंकण गति परीक्षा 14 मई 2025 को प्रात: 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई जयपुर रोड़ सीकर में आयोजित होगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि संबंधित कार्मिक अपना प्रवेश पत्र कलेक्ट्रेट सीकर के कमरा नम्बर 34 से 13 मई 2025 तक प्राप्त कर सकते हैं। किसी कार्मिक को परीक्षा के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त करनी हो तो जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 01572-251008 से की जा सकती है।

जिला स्तर पर बैठक आज

सीकर (निसं)। संयुक्त निदेशक कृषि सीकर प्रिया झाझडिया ने बताया कि नेशनल मिशन ऑन ऐडिबल ऑयल-तिलहन योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर गठित डिस्ट्रीक्ट ऑयल सीड मिशन,जिला क्रियान्वन समिति के गठन व तकनीकी सहायक एजेन्सी को कार्य करने की सुविधा प्रदान के चयन के लिए जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 8 मई 2025 को जिला कलक्ट्रेट सभागार कक्ष में सायं 4 बजे बैठक आयोजित की जाएगी।

नेहरा परिवारों के कुलदेव बालासिद् जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया

पाटन (निसं)। नेहरा परिवारों के कुलदेव बालासिद् जी महाराज का जन्मोत्सव इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हसामपुर के निकट ग्राम बक्शीपुरा में निशान यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। पेट के बल चलते हुए भक्तों ने कच्चे रास्तों से होकर मंदिर प्रांगण में पहुंचकर अपनी गहरी आस्था का परिचय दिया।

बक्शीपुरा निवासी रिंकेश नेहरा ने बताया कि बालासिद् महाराज नेहरा परिवारों के कुलदेव हैं और इनके प्रति गहरी श्रद्धा व समर्पण की भावना है। जाट समाज के लोगों में इस मंदिर और देवता के प्रति विशेष आस्था है। उनका मानना है कि जब वे मंदिर प्रांगण में बैठते हैं तो मानसिक शांति और ऊर्जा का अनुभव होता है। मंदिर का प्राकृतिक सौंदर्य और वातावरण भी भक्तों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है।

बालासिद् महाराज के जन्मोत्सव के दिन स्थानीय निवासी अपने सभी कार्यों से अवकाश लेकर मंदिर में सेवा और भक्ति में लीन हो जाते हैं। यह आयोजन केवल एक दिन नहीं बल्कि कई दिनों की तैयारी और श्रद्धा का परिणाम होता है।भक्ति संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक श्योराम महासी ने भक्तिरस से सराबोर भजनों की प्रस्तुति दी, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

मातृशक्ति की उल्लेखनीय भागीदारी:- इस आयोजन में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। बक्शीपुरा से मंदिर तक की निशान यात्रा के मार्ग को स्वच्छ और सुगम बनाने के लिए महिलाओं ने जगह-जगह झाड़ू लगाकर कंक्रीट और रुकावटें हटाईं। इसके साथ ही विशाल भंडारे में प्रसाद वितरण, बैठने की व्यवस्था और अन्य सेवाओं में भी उन्होंने सक्रिय योगदान दिया।

नेहरा परिवारों के कुलदेव बालासिद् जी महाराज का जन्मोत्सव इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

उदयपुरवाटी (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार उदयपुरवाटी के तत्वाधान में इंद्रपुरा बडा जाट बालाजी मंदिर प्रांगण में राष्ट्र सुख समृद्धि लोक कल्याण एवं विश्व शांति के लिए पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

मुख्य यजमान राकेश ओलखा, बिंदु सिंह ओलखा, सुरेंद्र ओलखा, मुकेश मोडसरा, जगदीश बराला, शीशपाल रायल, शीशराम ओलखा, मनीराम ओलखा, सिंबू ओलखा, भागुराम मोडसरा, लक्ष्मण सिंह ओलखा, देवी सिंह ओलखा, बजरंग बराला, धर्मपाल ओलखा, बद्री प्रसाद तंवर, मोतीलाल सैनी एडवोकेट, रामधन ओलखा तथा मातृशक्ति सहित बहुत से लोगों ने गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ यज्ञ कुंड में राष्ट्र सुख समृद्धि एवं विश्व शांति के लिए आहुतियां प्रदान की। आचार्य का कार्य देवेंद्र ओलखा एवं बजरंग लाल सोनी ने किया इसमें बद्री प्रसाद तंवर का विशेष रूप से सहयोग रहा। प्रज्ञा गीत एवं हनुमान जी के भजनों के साथ कार्यक्रम में मधुर वातावरण बना रहा। वैदिक मंत्र ओम शांति तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

अति. जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

संस्कृत शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं ने एडीएम को ज्ञापन दिया।

झुंझुनूं, (निसं)। संस्कृत शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा एडीएम को 1977-78 बकाया पदोन्नित के संदर्भ में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि 1977-78 के नियमों की 2000 से 2014 तक की पदोन्नित लम्बित होने के कारणों की उच्च स्तरीय जांच एवं दोषियों पर कार्यवाही हो।

माननीय न्यायालय के इस सम्बंध में दिए गए विभिन्न निर्णयों की पालना हो एवं वंचितों को डीपीसी का लाभ दिलवाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ की महिला विंग की आरती, पारूल, अनिता, सुमन, सुभिता व प्रियव्रत शर्मा उपस्थित रहे।

ब्लैक आउट को लेकर उपखंड अधिकारी ने बैठक आयोजित ली

■ 'ब्लैक आउट में सभी का सहयोग जरूरी'

बीदासर (निसं)। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा ब्लैक आउट (मॉक ड्रिल) को लेकर बुधवार को उपखण्ड कार्यालय में उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बुधवार की रात्रि के दौरान सेना की और से होने वाले युद्धाभ्यास के दौरान आमजन को सायरन बजाने के साथ ही घरों, दुकानों एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों सहित सभी प्रकार की बिजली लाईटों को बंद करने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक प्रहलाद राय ने कहां राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा को लेकर गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक नागरिकों को सायरन बजने के साथ ही 15 मिनट के लिए सभी प्रकार की बिजली लाईटों और वाहन लाईटों को बंद करना राष्ट्रहीत में अनिवार्य है। इसके लिए मंदिरों और मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकरों, सरकारी और निजी वाहनों की सहायता से सायरन बजाया जाएगा।

ब्लैक आउट में सभी का सहयोग जरूरी है। बैठक में उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव ने नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी और पंचायत समिति बीडीओ को ब्लैक आउट के दौरान रोड लाईटें बंद कराने के निर्देश दिए।

एसडीएम यादव ने उपखंड क्षेत्र के सभी नागरिकों से गृह मंत्रालय की गाइडलाइंस की पालना करने की अपील करते हुए ब्लैक आउट में सहयोग करने की अपील की। यादव ने कहां ब्लैक आउट (मॉकड्रिल) को लेकर उपखंड मुख्यालय पर कंट्रोल रूप बनाया गया है। ब्लैक आउट की पालना को लेकर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी लगाई जाएगी।

बैठक में तहसीलदार सुदेश महला, बीडीओ राजकुमार सैनी, सीबीईओ संदीप व्यास, बीदासर थाने के एएसआई राजेंद्र सिंह, सांडवा थानाधिकारी करतार सिंह, पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवकुमार टांटिया, बार संघ अध्यक्ष अरविंद चौधरी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, एडवोकेट रघुवीरसिंह भामु, महेश छापोला, अफजल हुसैन सलामपुरिया, संजय मोदी, धनराज सैन, प्रहलाद राजपुरोहित सहित कस्बे के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

मॉक ड्रिल आयोजित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी घटना के बाद भारत पाकिस्तान सीमा पर बिगड़ते माहौल और सरकारी दिशा निर्देशों के मद्देनजर बुधवार को मोदी विश्वविद्यालय में मॉक ड्रील किया गया।

मोदी विश्वविद्यालय प्रांगण स्थित स्वामी हरीदास सभागार में विश्वविद्यालय के कन्सलटेन्ट इंजिनयर रिटायर्ड कर्नल श्री राम कलेनया ने सभी छात्राओं एवं शिक्षकों सहित अन्य स्टाफ को आपातकाल की स्थिति में सुरक्षा हेतु कुछ महत्वपूर्ण कदमों से रूबरू करवाया।

हवाई खतरों की स्थिती में बिना घबराए और शांत रहकर हम सभी स्थिती को अच्छी तरह से संभाल सकते हैं। विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ. आशुतोष भारद्वाज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें किसी भी आपात स्थिति का सामना डट कर और एकता के साथ करना है और हम सभी को अपनी सेना पर पूरा भरोसा है।

श्रीमती गिन्नी देवी राधावल्लभ खेतान ट्रस्ट ने वाटर कूलर लगवाया

झुंझुनूं, (निसं)। श्रीमती गिन्नी देवी राधाबल्लभजी खेतान ट्रस्ट झुंझुनूं के सौजन्य से लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पुरानी सब्जी मंडी स्थित सरकारी स्कूल जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पुराना भवन में गर्मी के मौसम में बच्चों को शीतल जल उपलब्ध हो सके, के लिए वाटर कूलर लगाया गया।

वाटर कूलर का शुभारंभ फीता खोलकर संस्था के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई एवं लॉयंस क्लब के पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल ने किया। स्कूल की ओर से संस्था प्रधानाचार्या सुनिता कृष्णियां ने अपने उद्बोधन में खेतान परिवार एवं आयोजक दोनों संस्थाओं का आभार व्यक्त किया कि वे इस प्रकार का पुनीत कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया। खेतान ट्रस्ट के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की संक्षिप्त जानकारी ट्रस्ट के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई ने दी।

उन्होंने बताया कि लॉयंस क्लब झुंझुनूं स्वर्गीय डॉ. जेसी जैन साहब के पदचिह्नों पर चलते हुए सेवा कार्यों में पिछले 44 वर्षों से अनवरत रूप से कार्य कर रहा है तथा श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था भी पिछले छह वर्षों से लगातार सेवा कार्यों में संलग्न है। उन्होंने भविष्य में भी खेतान ट्रस्ट की ओर से सेवा प्रकल्प जारी रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्षा डॉ. बबिता कुमावत, सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड, भागीरथ प्रसाद जांगिड, शकुंतला पुरोहित, एमजेएफ लॉयन श्रवण केजडीवाल, महिपाल सिंह, डॉ. धर्मपाल कुमावत, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, सुनिल तुलस्यान, खेतान ट्रस्ट के ट्रस्टी परमेश्वरलाल हलवाई, किशनलाल यादव, सत्यनारायण यादव, श्यामसुंदर यादव, दीपक शर्मा, विमल कुमावत, स्कूल प्रधानाचार्या सुनिता कृष्णियां, प्रभारी अध्यापक सज्जाद अली खां, संतोष ढाका, ज्योति, नीतू शर्मा, बबिता शर्मा, विनोद डैला एवं प्रज्ञा चौधरी सहित स्कूली बच्चे एवं स्टाफ उपस्थित था। विदित है कि इस वर्ष अब तक पांच वाटर कूलर लगाए जा चुके हैं। छठा वाटर कूलर मोरारका सरकारी कॉलेज में लगाया गया है। जिसका लोकार्पण शीघ्र ही किया जाएगा।

सरकारी स्कूल जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में वाटर कूलर लगवाया गया।

सार-समाचार

फायरिंग व लूट का आरोपी गिरफ्तार

पाटन (निसं)। क्षेत्र के रायपुर में स्थित एक शराब ठेके पर फायरिंग और लूट की घटना में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी हेमराजपुरा निवासी कृष्ण कुमार उर्फ के.के. उर्फ किशनलाल सैनी पुत्र पोखर मल सैनी उम्र 25 के रूप में हुई। पाटन थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि 16 जुलाई 2024 को ढाणी भडाना निवासी विक्रम सिंह गुर्जर ने रायपुर स्थित लाइसेंसी शराब दुकान पर फायरिंग और लूट की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी इंद्राज, कृष्ण कुमार, शेर सिंह और अन्य साथी मोटरसाइकिल से आए थे और देशी कट्टे से फायरिंग कर दुकान में तोड़फोड़ तथा लूटपाट की थी। आरोपियों ने दुकान में रखी शराब की बोतलें भी तोड़ दी थीं।इस मामले में पहले ही चार आरोपियों-इंद्राज उर्फ टाइगर (रायपुर), ईश्वर सिंह व अशोक उर्फ एस.पी. (कोटपूतली-बहरोड़), और शेर सिंह (हेमराजपुरा)-को गिरफ्तार किया जा चुका था, लेकिन पांचवा आरोपी फरार चल रहा था, वांछित आरोपी पर पुलिस अधीक्षक ने दो हजार रुपए की घोषणा की थी। पुलिस ने पांचवें आरोपी किशनलाल सैनी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मुखबिर और आसूचना तंत्र की मदद से दबोचने में सफलता पाई है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

प्रतिभावान छात्र-छात्राएं सम्मानित

रतनगढ़ (निसं)। शहर के अशोक स्तंभ के पास स्थित प्रतिष्ठित आर्या पब्लिक स्कूल का स्कूल स्तरीय परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी किया। परीक्षा परिणाम में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोषबाबू इन्दौरिया,आर्या विद्यालय परिवार के निदेशक शिक्षाविद अंबिका प्रसाद हारित, प्रधानाचार्या अंबिका तिवाडी, सचिव डॉ.अनुराग हारित द्वारा मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इंदौरिया ने बच्चों को लगातार अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया और परिश्रम, लगन व निष्ठा का महत्व बताया। उषा स्वामी, सोनिया शर्मा ने आगंतुकों का आभार-अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन रेखा पारीक,पल्लवी सरावगी, हर्षा सिर्धी, ने संयुक्त रूप से किया। परीक्षा परिणाम के दिन विद्यालय परिसर में सेल्फी पॉइंट्स बनाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं व परिवारजनों ने खुशी के पल की अपने मोबाइल में सेल्फी ली। सेल्फी पॉइंट्स बनाने की कला एवं शिल्प दीक्षा वआरती शर्मा,आदि ने तैयार किया। इस अवसर पर रितु शर्मा, डिंपल चौधरी,मेहरीन, नेहा अग्रवाल, रक्षा सोनी, चेतना जोशी सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सीए श्रीहरि बियाणी को-ऑप्टेड सदस्य के रूप मनोनीत

सीकर, (निसं)। भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान के सीआईआरसी रिजनल द्वारा काउंसिल वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न समितियों की घोषणा की गई है। सीकर के निवासी सीए श्रीहरि बियाणी को सीएमपी कमेटी में को-ऑप्टेड सदस्य मनोनीत किया गया है। इनका मनोनयन सीआईआरसी रिजनल अध्यक्ष सीए अंकुर कुमार गुप्ता की अनुशंसा पर किया गया है। सीए श्रीहरि बियाणी सीए प्रोफेशन के साथ-साथ भारतीय जनता पाटी में सक्रिय कार्यकर्ता हैं। वे अभी भाजपा में जिला कोषाध्यक्ष के पद पर आशीन हैं। सीए बियाणी काफी सामाजिक सस्थांओं, ट्रस्टों के साथ भी जुड़ें हुये हैं एवं सामाजिक गतिविधियों में निरन्तर इनका सहयोग रहता हैं। बियाणी वर्तमान में सीकर में सीए की प्रैक्टिस में हैं। सीए श्रीहरि बियाणी को नई जिम्मेदारी मिलने पर भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान की सीकर शाखा के अध्यक्ष सीए नीरज शर्मा, सचिव सीए भरत चितलांगिया, उपाध्यक्ष सीए अमित माडिय़ां, कोषाध्यक्ष सीए उदेश घासोलियां, सीकासा चेयरमैन सीए हरिराम शर्मा एवं सीआईएमबी चेयरमैन सीए महेश कुमार गोयल आदि ने बधाई दी है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद झुंझुनूं की धरती पर जश्न

झुंझुनूं, (निसं)। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई एयर स्ट्राइक के बाद झुंझुनूं शहर के सनातनियों युवाओं के द्वारा एमजी मॉल के पास पटाखे फोड़कर ओर लड्डू बांटकर खुशियां मनाई गई तथा इस करवाई के लिए सभी ने एक स्वर में प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना का आभार जताया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ललित जोशी ने कहा कि मोदी के राज में अब देश काफी मजबूत हुआ है। अब भारत कांग्रेस सरकार की तरह अमेरिका के पास नहीं भागता बल्कि खुद अंदर घुसता है और मारता है। कार्यक्रम में मौजूद संदीप गोयल ने कहा कि अब भारतीय सेना के पास किसी भी तरह के संसाधनों की कमी नहीं है। अब जो भी भारत को आंख दिखाने की हिमाकत करेगा। उसे उसका माकूल जवाब दिया जाएगा। कार्यक्रम में रामनिवास सैनी, सौरभ जोशी, पंकज रोहिल्ला, अशोक तुलस्यान, प्रदीप महमिया, अनिल जोशी, अशोक खेदड़, नरेश ठठेरा, राकेश शर्मा, दिनेश शर्मा, किशनसिंह रावणा, मनोज मोदी, विश्वनाथ कुमावत आदि सनातनी बंधु उपस्थित थे।

पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव माह जून 2025 की घोषणा

सीकर (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में पंचायती राज संस्थाओं में 31 दिसम्बर 2024 तक रिक्त हुये एक सरपंच व 9 वार्ड पंचों के उप चुनाव कराये जाने की घोषणा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सीकर जिले की ग्राम पंचायत कटराथल में सरपंच तथा पंचायत समिति धोद की ग्राम पंचायत जेरठी के वार्ड नम्बर 2 व 9, सिंगरावट में वार्ड नम्बर 9, कांसली वार्ड नम्बर 11, पंचायत समिति पिपराली की पलासरा वार्ड नम्बर 6, दादिया 2, दांतारामगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कुली1, फतेहपुरपंचायत समिति की ग्राम पंचायत अठवास में वार्ड नम्बर 7 व 6 में वार्ड पंचों के उप चुनाव कराये जायेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावों की घोषणा के साथ ही संबधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है जिसकी समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अक्षरश: पालना किया जाना सुनिश्चित करें।

कैम्पस प्लेसमेंट आयोजित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को रोजगार परामर्श केंद्र के तत्वावधान में केम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने बताया कि एनआइआइटी आइएफबीआइ की प्लेसमेंट ड्राइव द्वारा आई सी आई सी आई बैंक हेतु असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। साक्षात्कार हेतु कुल 68 विद्यार्थियों ने नामांकन करवाया जिसमें से चयनित 16 योग्य विद्यार्थियों का साक्षात्कार के पश्चात अगले चरण हेतु आवश्यक औपचारिकता पूरी की गई। प्लेसमेंट टीम में सीनियर एसोशिएट मैनेजर मो.सद्दाम ने विद्यार्थियों का चयन किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ आनंद शर्मा, महेश अग्रवाल, पवन कुमार निर्वाण,मो . फारुख आदि ने विशेष योगदान दिया।

गौशाला का निरीक्षण किया

सादुलपुर, (निसं)। गणेश दास जी महाराज उदासीन मठ बैंगलोर द्वारा शंकर नाथ गौशाला सेवा समिति में संचालित गौशाला का बाबा निर्मल नाथ जी महाराज अध्यक्ष गौशाला के साथ गौशाला का निरीक्षण किया। इस अवसर पर गौशाला में उनका स्वागत किया गया स्वागत करने वाले में रामकुमार लंबरदार, जॉनी सिंह, प्रशांत कुमार, संदीप कुमार, नंदकुमार दाहिमा, एडवोकेट अनिरुद्ध पाटोदिया, गणेश दाधीच व पवन सेठ आदि उपस्थित थे। तत्पश्चात गौशाला में गणेश दास जी महाराज उदासीन का शॉल औढाकर अभिनंदन किया गया। गौशाला में गौ माता की जिस प्रकार सेवा की जा रही है उनसे प्रसन्न होकर उन्होंने गौशाला समिति का आभार व्यक्त किया।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 10 जून को

सीकर (निसं)। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर रसशास्त्र विभाग द्वारा जन-जन में आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 10 जून 2025 को बाबा भभूता सिद्ध मंदिर किशोरपुरा सीकर में आयोजित किया जायेगा।